राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल ने किया पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आह्वान

जयपुर, 4 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर सभी से पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने, बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रकृति के साथ मानवता का तादात्म्य सबसे अधिक जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें बिजली, परंपरागत ईंधन सहित प्राकृतिक संसाधनों की खपत कम करने के साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए और हरित भवनों के निर्माण को बढ़ावा देना चाहिए।

―――――